भारत और वियतनाम दोनों ही सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के साथ मज़बूत आर्थिक विकास की ओर अग्रसर हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत और वियतनाम की साझी बौद्ध विरासत सांस्कृतिक और पर्यटन आदान-प्रदान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के हो ची मिन्ह सिटी के पार्टी सचिव महामहिम श्री नूयेन वान नेन से संसद भवन में भेंट की

...

नई दिल्ली, 21 जून, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के हो ची मिन्ह सिटी के पार्टी सचिव महामहिम श्री नूयेन वान नेन से संसद भवन में भेंट की। इस अवसर पर श्री बिरला ने श्री वान नेन का संसद भवन में स्वागत किया। अपनी वियतनाम यात्रा का उल्लेख करते हुए श्री बिरला कहा की हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम की बढ़ती समृद्धि, आर्थिक सफलता और आधुनिकीकरण का प्रतीक है।

भारत-वियतनाम राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूती देने के विषय में श्री बिरला ने कहा कि वियतनाम के वित्तीय, तकनीकी और औद्योगिक केंद्र के रूप में, हो ची मिन्ह सिटी भारत-वियतनाम आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

दोनों देशों में कोरोना महामारी से उत्पन्न कठिनाइयों के बाद मजबूत आर्थिक सुधार का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, सतत विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था आदि के क्षेत्र में दोनों देशों को आपसी सहयोग को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कोविड महामारी के बाद भारत और वियतनाम दोनों ही सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के साथ मज़बूत आर्थिक विकास की ओर अग्रसर हैं। श्री बिरला ने कहा कि पीएम गतिशक्ति, नई शिक्षा नीति, कौशल विकास आदि के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, में आए नए निवेश भारत को सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत और वियतनाम के बीच मजबूत व्यापार और सभ्यतागत संबंध हैं जो भविष्य में भी मजबूत होते रहेंगे।

श्री बिरला ने कहा कि भारत में आयोजित आसियान-भारत विदेश मंत्रियों के मीटिंग, भारत एवं वियतनाम के विदेश मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक तथा भारत के रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के आपसी संबंधों में महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित हुए हैं। अपनी बैठक में श्री बिरला ने दक्षिण पूर्वी एशिया के प्रति भारतीयों में बढ़ती रूचि तथा वियतनाम के लोगों का भारत के प्रति रुझान का उल्लेख करते हुए दोनों

देशों के बीच पर्यटन संबंधों की अपार संभावनाएं पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझी बौद्ध विरासत सांस्कृतिक और पर्यटन आदान-प्रदान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय में श्री बिरला ने कहा कि वियतनाम में योग की व्यापक लोकप्रियता हमारे दोनों समाजों के बीच एक और महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कड़ी है। श्री बिरला ने इस वर्ष के योग दिवस के विषय ''मानवता के लिए योग'' को वर्तमान संदर्भ में अत्यन्त प्रासंगिक बताया।